आइनॉक्स विंड का 700 करोड़ का IPO

बिजनेस डेस्क, मुंबई: विंड पावर सल्यूशंस प्रदाता आइनॉक्स विंड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 18 मार्च को आएगा। कंपनी की आईपीओ के जरिए 700 करोड़ रुपये जुटाने की योजना है। कंपनी इस राशि का इस्तेमाल विस्तार और अन्य जरूरतों पर करेगी। इस निर्गम के तहत 700 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए जाएंगे। इसके अलावा आइनॉक्स विंड की प्रवर्तक गुजरात फ्लोरोकेमिकल्स के पास मौजूदा हिस्सेदारी के लिए एक करोड़ इक्विटी शेयरों या पांच प्रतिशत हिस्सेदारी की पेशकश की जाएगी। यह 300 करोड़ रुपये तक होगा। आईपीओ 20 मार्च को बंद होगा। कंपनी ने आईपीओ के लिए प्राइस बैंड 315 से 325 रुपये प्रति शेयर तय किया है। रिटेल निवेशकों को इश्यू प्राइस पर 15 रुपये का डिस्काउंट दिया जाएगा।